श्री गोपाल कुमार अग्रवाल, माननीय स०वि०स०/ श्री मो० कमरूल होदा, माननीय स०वि०स० एवं श्री मो० तौसीफ आलम, माननीय स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण

सूचना सं०-05/26 के संबंध में

किशनगंज जिलांतर्गत दिघलबैंक प्रखंड के धानतोला पंचायत के वार्ड नंबर 16 डोरिया राजवंशी टोला, डोरिया आदिवासी टोला एवं वार्ड नं0 15 बिहार टोला का अस्तित्व कनकई नदी के द्वारा हो रहे कटाव के कारण खतरे में है। अगर समय रहते कनकई नदी के तट पर बांध का निर्माण नहीं कराया गया तो आने वाले बारिश के मौसम में इन तीनों बस्तियों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा।

अतः हम सदन के माध्यम से इन बस्तियों को बचाने हेतु कनकई नदी पर शीघ्र बांध बनाने हेतु सरकार की ध्यान आकृष्ट करते हैं।

सरकार का वक्तव्य

वस्तुस्थिति यह है कि किशनगंज जिलांतर्गत दिघलबैंक प्रखंड के प्रश्नगत डोरिया राजवंशी टोला, डोरिया आदिवासी टोला एवं बिहार टोला बुढ़ी कनकई नदी के दायें तट पर अवस्थित है।

वर्तमान में नदी तट से बसावट की औसतन दूरी डोरिया राजवंशी टोला के समीप 600 मीटर, डोरिया आदिवासी टोला के समीप 400 मीटर एवं बिहार टोला के समीप 10 मीटर है।

बाढ़ अवधि 2025 के दौरान प्रश्नगत स्थलों के समीप कटाव नहीं हुआ है एवं वर्तमान में सभी स्थल सुरक्षित है । महानन्दा बाढ़ प्रबंधन योजना फेज- III के अंतर्गत बुढ़ी कनकई नदी पर तटबंध निर्माण प्रस्तावित है।

बाढ़ अवधि 2026 में प्रश्नगत स्थल के समीप कटाव होने पर आवश्यकतानुसार बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थल को सुरक्षित रखा जायेगा।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(क0)–01–12 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–282 दिनांक–17.04.2026 के प्रसंग में ध्यानाकर्षण सूचना सं0–05 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(क0)–01–12 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(क0)–01–12 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0ध्याना0(क0)–01–12 / 2026– 2238 पटना, दिनांक– 20/05/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19.05.26

(अनिल कुमार गुप्ता)

संयुक्त सचिव

19.05.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo